PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Punjab Kesari, Delhi**
**Sunday 4th May 2014, Page: 6**
**Width: 4.14 cms, Height: 16.95 cms, a4, Ref: pmin.2014-05-04.52.49**

# सन फार्मा बंद करेगी डैट्रायट संयंत्र

नई दिल्ली, (वार्ता): देश की सबसे बड़ी फार्मा कंपनी सन फार्मा अमरीका के डैट्रायट में अपना संयंत्र बंद करने के साथ वहां काम करने वाले 123 कमर्चारियों की नौकरी खत्म करने जा रही है। डैट्रायट संयंत्र सन फार्मा की अमरीकी सहयोगी इकाई काराको फार्मास्युटिकल्स लैबोरेटरीज द्वारा संचालित है।

दवाइयां बनाने की प्रक्रिया को लेकर अमरीकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की ओर से इस संयंत्र की जांच की गयी थी।एफडीए का आरोप है कि संयंत्र में दवाइयां बनाने के लिए मानक प्रक्रिया का अनुसरण नहीं किया गया है। वर्ष 2009 में एफडीए ने सन फार्मा के मिशिगन स्थित संयंत्र में बनायी गयी सभी दवाएं भी इसी आरोप के तहत जब्त कर ली थीं। एफडीए ने पिछले वर्ष सन फार्मा के डैट्रायट संयंत्र पर भी यही आरोप लगाया था।

अक्तूबर 2013 में कंपनी ने एफडीए की ओर से उठायी गयी सभी आपत्तियों का निराकरण कर दिये जाने की बात कहते हुए यहां दवाएं बनाना जारी रखा, लेकिन एफडीए ने इसे मानकों के अनुरूप नहीं माना। लिहाजा कंपनी को अब यह संयंत्र बंद करना पड़ रहा है।सन फार्मा के प्रवक्ता के अनुसार डेट्रायट संयंत्र में कुल 235 कर्मचारी काम कर रहे हैं। संयंत्र बंद होने की स्थिति में 123 पर प्रत्यक्ष असर पड़ेगा और उन्हें नौकरी से बाहर होना पड़ेगा।

88